





# हाथ बदलेगा हालात

## हरियाणा विधानसभा चुनाव-2024

# घोषणा पत्र



हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी

हाथ
बदलेगा
हालात

# बेहतर और सम्पन्न हरियाणा के निर्माण की गारंटी

विश्व के सबसे बड़े सांस्कृतिक देश में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस सबसे पुराना और बड़ा धर्मनिरपेक्ष राजनीतिक दल है। इसके नेतृत्व में देश के सभी धर्म, नस्ल, जाति, क्षेत्र, भाषा, संस्कृति के लोगों ने स्वतंत्रता की लड़ाई लड़ी। आजादी मिलने के बाद महात्मा गांधी, पंडित जवाहरलाल नेहरू, सरदार पटेल, डॉक्टर भीमराव अंबेडकर, डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद, मौलाना आजाद जैसे महान नेताओं ने भारत की विविधताओं का सम्मान करने, सभी नागरिकों की आकांक्षाओं, आशाओं का प्रतिनिधित्व करने, भारत का नव निर्माण करने के लिए संविधान तैयार किया। इस संविधान में भारत के सभी नागरिकों को न केवल निजता का अधिकार, सम्मान, न्याय, स्वतंत्रता, समता का अधिकार सुरक्षित किया गया बल्कि उसकी रक्षा करने के लिए संस्थागत ढांचा विकसित किया।

श्रीमती इन्दिरा गाँधी ने सन् 1966 में हरियाणा बनाकर हरियाणवी लोगों को एक विशिष्ट पहचान दी थी। उनकी अभिलाषाओं एवं आशाओं को पूरा किया था। श्रीमती इन्दिरा गाँधी, श्री राजीव गाँधी व डॉक्टर मनमोहन सिंह के नेतृत्व में हरियाणा ने कांग्रेस के शासन काल में अभूतपूर्व उन्नति की। यह सब हरियाणा की जनता के सहयोग से सम्भव हो पाया, जिसके लिए कांग्रेस पार्टी हरियाणवी जनता की आभारी है।

श्रद्धेय श्रीमती सोनिया गांधी के मार्गदर्शन में वर्ष 2005 से 2014 के दौरान चौधरी भूपेन्द्र सिंह हुड्डा के नेतृत्व में कांग्रेस सरकार ने हरियाणा का बहुमुखी विकास किया। इस विकास से सभी वर्गों और क्षेत्रों के लोग लाभान्वित हुए।

श्रीमती सोनिया गाँधी के ओजस्वी मार्गदर्शन, भूतपूर्व प्रधानमंत्री डॉक्टर मनमोहन सिंह की सकारात्मक सोच, स्वच्छ और पारदर्शी प्रशासन, श्री मल्लिकार्जुन खड़गे के जुझारू नेतृत्व एवं श्री राहुल गाँधी के आम आदमी के लिए संघर्ष से एक बार फिर हमारा देश अपने मूल आदर्शों की ओर लौटता हुआ दिखाई दे रहा है। हरियाणा की जनता भी हरियाणा कांग्रेस के नेतृत्व में सत्ता परिवर्तन की दिशा में आगे बढ़ेगी।

पिछले वर्षों में भारत के लोगों ने यह गंभीरता से महसूस किया कि संविधान की शुचिता, भावना और मर्यादा का निरंतर उल्लंघन हो रहा है। संविधान द्वारा दिए उनके अधिकारों की उपेक्षा और अतिक्रमण हो रहा है। नतीजतन जनता ने हाल ही में सम्पन्न हुए लोकसभा चुनाव में इसका विरोध किया। प्रदेश में भी लोगों ने सभी मतभेद भुलाकर सत्ताधारी दल के खिलाफ और जनता के साथ मिलकर संघर्षरत कांग्रेस पार्टी के पक्ष में भारी मतदान किया।

प्रदेश के लोगों ने नफरत की नकारात्मक राजनीति, जन विरोधी नीतियों और निर्णयों को सिरे से नकार दिया। सत्ताधारी दल की नीतियां हरियाणा प्रदेश की सदियों पुराने भाईचारे और सामाजिक समरसता की संस्कृति से मेल नहीं खाती। यह सकारात्मक सामाजिक सोच, उत्साहवर्धक और सराहनीय है एवं सुनहरे भविष्य के प्रति हम सबको आशान्वित करती है।

सन् 2014 से 2024 तक का दशक हरियाणा के इतिहास का काला दशक के रूप में दर्ज होगा। इस दौरान प्रदेश में सबसे ज्यादा बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, प्रदूषण, अपराध, नशा, हताशा और निराशा बढ़ी है। प्रदेश से उद्योग व प्रस्तावित संस्थान पलायन कर गए। शिक्षा व्यवस्था ध्वस्त, व्यापार, कारोबार ठप्प हो गए एवं स्वास्थ्य सेवाएं चरमरा गई हैं।

किसान की दयनीय हालत है। कर्मचारी वर्ग सड़क पर लाठियां खा रहा है। शिक्षित युवाओं को मजदूरों के रूप में दूसरे प्रदेशों/देशों में पलायन करना पड़ रहा है। उनको सरकार द्वारा युद्धग्रस्त देश में हरियाणा कौशल रोजगार निगम के माध्यम से निर्यात किया जा रहा है। महिलाएं, बच्चियों, अल्पसंख्यक और कमजोर वर्गों पर अन्याय की घटनाएं आम हो गई हैं। अहंकारी सरकार सभी वर्गों का अपमान कर रही है। प्रदेश की जनता की आत्मा, इस अपमान से आहत है, उसे राहत की दरकार है। हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी इन 10 वर्षों में जनता के दुख, तकलीफों में भागीदार रही है। उनकी समस्याओं के समाधान के लिए सड़क से लेकर विधानसभा और संसद तक संघर्षरत रही है। हमने हरियाणा के हर वर्ग की समस्याओं का हल निकालने के लिए जनता के सुझावों पर आधारित नीति पत्र तैयार किया है, जो आपके समर्थन हेतु प्रस्तुत है। हम हरियाणा को उसके प्राचीन गौरव की ऊंचाइयों तक ले जाने के लिए संकल्पबद्ध हैं।


हरियाणा कांग्रेस
7 वादे पक्के इरादे
हालात

# विषय सूची


शिक्षा 03
स्वास्थ्य 05
महिला सशक्तिकरण 06
कृषि, किसान व खेतिहर मजदूर कल्याण 08
कृषि व पशुपालन 09
सिंचाई 10
युवाओं के लिए न्याय 11
सामाजिक न्याय 14
अनुसूचित जाति 14
अन्य पिछड़ा वर्ग 15
अल्पसंख्यक 16
सामाजिक सुरक्षा 17
वरिष्ठ नागरिक 17
दिव्यांगजन 17
कर्मचारी 18
श्रमिक न्याय 18
ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज संस्थाएं 19
शहरी विकास 20
पर्यावरण 22
कानून व्यवस्था 23
नशा मुक्त हरियाणा 24
उद्योग व व्यापार 25
सैनिक, अर्धसैनिक व पुलिस सम्मान 26
खेल 27
सामान्य वर्ग 28
जन विरोधी पोर्टलों से मुक्ति 29
हमारी धरोहर हमारा गौरव (कला, संस्कृति और विरासत) 30
परिवहन 31
अन्य 31

# हरियाणा कांग्रेस का संकल्प पत्र






## हर परिवार को खुशहाली

- **300 यूनिट** फ्री बिजली
- **₹25 लाख** तक मुफ्त इलाज

## गरीबों को छत

- **100 गज** का प्लॉट
- **₹3.5 लाख** की लागत से **2 कमरों का मकान**

## किसानों को समृद्धि

- **MSP** की कानूनी गारंटी
- तत्काल **फसल मुआवजा**

## पिछड़ों को अधिकार

- **जातिगत** सर्वे
- क्रीमी लेयर की **सीमा ₹10 लाख**

## महिलाओं को शक्ति

- हर महीने **₹2000**
- **₹500** में गैस सिलेंडर

## सामाजिक सुरक्षा को बल


- **₹6000** बुढ़ापा पेंशन
  **₹6000** दिव्यांग पेंशन
  **₹6000** विधवा पेंशन
- **OPS** बहाल

## युवाओं को सुरक्षित भविष्य

- भर्ती विधान के तहत **2 लाख** पक्की भर्ती
- **नशा मुक्त** हरियाणा

भूपेन्द्र सिंह हुड्डा

चौधरी उदय भान



# हाथ बदलेगा हालात

हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी

कांग्रेस

# शिक्षा



**शिक्षा समाज में प्रत्येक व्यक्ति के बहुमुखी विकास की बुनियाद है। लेकिन हरियाणा में पिछले 10 वर्षों में शिक्षा की अनदेखी हुई है और शिक्षा का स्तर काफी हद तक गिर गया है। सरकार के इस उदासीन रवैये से शिक्षा का बुनियादी ढांचा चरमरा सा गया है। कांग्रेस इन हालात की गंभीर समीक्षा करेगी और बेहतर शिक्षा के लिए उचित सुधारवादी कदम उठाएगी।**

- हरियाणा वासियों को स्कूल, कॉलेज व यूनिवर्सिटी में सस्ती व उच्च गुणवता वाली शिक्षा उपलब्ध कराई जाएगी।
- हरियाणा के सभी विद्यालयों, महाविद्यालयों और विश्वविद्यालयों में खाली पद तुरंत भरे जाएंगे।
- विद्यालयों के अध्यापकों की भर्ती जल्दी करने के लिए अलग राज्य शिक्षक चयन आयोग बनाया जाएगा।
- पिछली कांग्रेस सरकार के द्वारा नवोदय विद्यालय की तर्ज पर बनाए गए किसान मॉडल स्कूलों का पुनरुत्थान किया जाएगा।
- आरोही मॉडल स्कूल की तरह प्रत्येक खण्ड स्तर पर गरीब/मेधावी विद्यार्थियों के लिए एक आधुनिक बुनियादी ढांचे के साथ वरिष्ठ माध्यमिक मॉडल स्कूल की स्थापना की जाएगी।
- श्री गुरु गोबिन्द सिंह जी के नाम से प्रदेश में एक विश्वविद्यालय की स्थापना कुरुक्षेत्र में की जाएगी।
- मेवात में एक विश्वविद्यालय की स्थापना की जाएगी।
- राज्य में संत शिरोमणि श्री गुरु रविदास जी के नाम से एक विश्वविद्यालय की स्थापना की जाएगी।
- राज्य के प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में एक महिला कॉलेज की स्थापना सुनिश्चित की जाएगी।
- कांग्रेस सरकार बनने पर यह सुनिश्चित किया जाएगा कि प्रत्येक ब्लॉक में एक आधुनिक आई.टी.आई. स्थापित हो।
- प्रदेश में विज्ञान, गणित, कंप्यूटर और अंग्रेजी भाषा की शिक्षा को बढ़ावा दिया जाएगा। विद्यालयों में बेहतर सुविधाओं से लैस विज्ञान व कंप्यूटर प्रयोगशाला स्थापित की जाएंगी।
- भाजपा सरकार ने JBT व अन्य कोर्सेज के लिए प्रत्येक जिला स्तर पर स्थापित DIET संस्थान को समाप्त करने का प्रयास किया है, इसे फिर से शुरु किया जाएगा।
- बेहतरीन शिक्षक बनाने के लिए झज्जर में स्थापित प्रारंभ- स्टेट इंस्टिट्यूट ऑफ़ एडवांस्ड स्टडीज इन टीचर एजुकेशन, झज्जर (SIASTE) को सशक्त किया जाएगा। उक्त संस्थान कई वर्षों से किराए के भवन में संचालित है। इस संस्थान के लिए प्राथमिकता के आधार पर अलग से भवन व छात्रावास का निर्माण करवाया जाएगा।

- कांग्रेस सरकार द्वारा सरकारी स्कूलों में कक्षा पहली से लेकर कक्षा 12वीं तक के लगभग 22 लाख से ज्यादा SC/BCA/BPL विद्यार्थियों को दिए जाने वाले वन टाइम अलाउंस (one time allowance) और मंथली स्टाइपेंड (monthly stipend) को बढ़ाया जाएगा ताकि ड्रॉपआउट रेट (dropout rate) को रोका जा सके।
- कांग्रेस सरकार बनने पर पी.जी.टी. टीचर का नाम लेक्चरर स्कूल कैडर किया जाएगा।
- अतिथि अध्यापकों के सेवा नियमों में बदलाव लाकर नियमित करने की योजना बनाएंगे।
- कांग्रेस शासन के दौरान 36 बैकवर्ड ब्लॉक में आरोही मॉडल स्कूल की स्थापना की गई थी, जिसमें अभी तक पूर्णतया टीचिंग और नॉन टीचिंग स्टाफ (Teaching and Non-Teaching Staff) उपलब्ध नहीं करवाया गया है। इन स्कूलों में प्राथमिकता के आधार पर भर्ती की जाएगी व मजबूत (Strengthen) किया जाएगा।
- शिक्षा को तकनीकी कौशल से लैस करके रोजगार परक बनाया जाएगा।
- सरकारी विद्यालयों व महाविद्यालयों में ढांचागत सुविधाओं में सुधार व विस्तार किया जाएगा।
- कांग्रेस की पिछली सरकार ने हरियाणा को शिक्षा का केंद्र (एजुकेशन हब) बनाया था। विद्यालयों एवं विश्वविद्यालयों का जाल बिछाया था। अब बदलते समय के साथ आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI), जेनेटिक्स एवं अन्य आधुनिकतम अनुसंधान संस्थान स्थापित कर नॉलेज हब बनाया जाएगा।
- निजी स्कूलों की मान्यता की प्रक्रिया को सरल किया जाएगा और उनकी समस्याओं के निवारण के लिए स्थायी समन्वय समिति बनाई जाएगी।
- सरकार द्वारा मुफ्त इंटरनेट सेवाएं प्रदान की जाएंगी। प्रत्येक सरकारी शिक्षण संस्थान में वाई-फाई जोन बनाए जाएंगे, जिससे शहर और ग्रामीण क्षेत्र की स्कूली शिक्षा में डिजिटल अंतर (Digital Divide) समाप्त होने से समान शिक्षा उपलब्ध होगी।
- कांग्रेस जिला, तहसील व खण्ड मुख्यालय में अत्याधुनिक इंटरनेट-सक्षम सार्वजनिक पुस्तकालय स्थापित करेगी।
- कांग्रेस पढ़ाई से कमाई तक की योजना बनाएगी।
- राज्य शिक्षक सम्मान से सम्मानित शिक्षकों के कार्यकाल में 2 वर्ष की वृद्धि की जाएगी। भाजपा शासन काल में इस वृद्धि को समाप्त कर दिया था।



# स्वास्थ्य



**स्वस्थ जीवन-यापन के लिए अच्छी व सस्ती स्वास्थ्य सुविधाओं का होना बेहद जरूरी है। भाजपा के राज में हरियाणा में चिकित्सा का बुनियादी ढांचा चरमरा चुका है। मेडिकल व पैरा मेडिकल सुविधाओं की कमी से प्रदेश जूझ रहा है। हम वायदा करते हैं कि हम सभी प्रदेशवासियों को अच्छी स्वास्थ्य सुविधाएं देंगे।**

- पी.एच.सी., सी.एच.सी., जनरल अस्पताल, मेटरनिटी होम को बेहतर बनाया जाएगा।
- प्रत्येक जिला स्तर पर एक सुपर स्पेशलिटी अस्पताल (आधुनिक सुविधाओं युक्त) खोला जायेगा।
- प्रत्येक जिले में सरकारी नर्सिंग कॉलेज, पैरा मेडिकल, मेडिकल टेक्निशीयन संस्थान खोले जाएंगे।
- मेडिकल की व्यवस्थाओं को मजबूत (Strengthen) करके मेडिकल की सीट्स बढ़ाई जाएंगी।
- प्रत्येक जिला स्तर पर सरकारी आधुनिक सुविधाओं से युक्त टेस्टिंग लैब (diagnostic center) बनाए जाएंगे। प्रत्येक ब्लॉक स्तर पर मोबाइल टेस्टिंग लैब (Mobile testing Lab) की सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी।
- राजस्थान कांग्रेस सरकार द्वारा लागू की गई चिरंजीवी योजना की तर्ज पर कांग्रेस हरियाणा में 25 लाख रुपए तक निःशुल्क इलाज के लिए कैशलेस बीमा योजना लागू करेगी।
- मेडिकल और पैरा-मेडिकल स्टाफ की नियमित भर्ती की जाएगी।
- स्वास्थ्य विभाग में डॉक्टरों के लिए सुपर स्पेशलिस्ट कैडर बनाया जाएगा।
- प्रदेश में कांग्रेस सरकार बनने पर स्वास्थ्य कर्मियों व डॉक्टरों की सेफ्टी व सिक्योरिटी (safety & security) सुनिश्चित की जाएगी।
- डॉक्टर व अन्य स्वास्थ्य कर्मियों को अच्छी आवासीय सुविधा प्रदान की जाएगी।
- मेडिकल शिक्षा की फीस कम की जाएगी व वर्तमान सरकार की बॉन्ड पालिसी पर पुनर्विचार हेतु एक कमेटी गठित की जाएगी।
- सरकारी अस्पतालों की चिकित्सा व्यवस्था सशक्त व आधुनिक की जाएगी।
- 45 वर्ष से अधिक आयु के प्रत्येक नागरिक का हर वर्ष फ्री हेल्थ चेकअप कराया जाएगा।
- प्रदेश के दवा विक्रेताओं के लिए हरियाणा के अलग नियम बनाए जाएंगे। फार्मेसी के रजिस्ट्रेशन/नवीनीकरण के लिए ऑनलाईन प्रक्रिया को सरल बनाया जाएगा। जिससे दवा विक्रेताओं की समस्याओं का शीघ्र समाधान हो सकेगा।
- प्रदेश में दवा विक्रेताओं के अनावश्यक पोर्टलों की समीक्षा की जाएगी।

# महिला सशक्तिकरण



**महिलाएं भारतीय समाज की धुरी हैं। यदि महिलाएं शिक्षित होंगी तो वे न केवल अपने प्रति सजग होंगी बल्कि अपने परिवार, समाज, राज्य और देश के लिए भी जागरूक होंगी। वे अपने बच्चों की शिक्षा और स्वास्थ्य के मोर्चों पर मुस्तैद रहेंगी। जिससे जीवन स्तर ऊँचा उठेगा। कानूनों तथा अन्य सुविधाओं के प्रावधानों का बेहतर ढंग से इस्तेमाल करने में सक्षम होंगी। इसीलिए कांग्रेस पार्टी महिलाओं के मुद्दों के प्रति बेहद संवेदनशील है।**

- कांग्रेस महिलाओं को सुरक्षित हरियाणा देने का संकल्प करती है।
- महिला आयोग का पुनर्गठन करके उसे प्रभावी कार्य करने के लिए वैधानिक व प्रशासनिक शक्तियां प्रदान की जाएंगी।
- प्रदेश में और महिला थाने खोले जाएंगे। वर्तमान में स्थापित महिला थानों को मजबूत बनाया जाएगा।
- महिलाओं से सम्बन्धित सभी योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए सिंगल विंडो सिस्टम (Single Window System) अपनाया जाएगा।
- जरूरतमंद बुजुर्ग महिलाओं को ₹6000/- प्रति माह बुढ़ापा पेंशन दी जाएगी।
- जरूरतमंद विधवा महिला को ₹6000/- प्रति माह विधवा पेंशन दी जाएगी।
- ₹500/- में रसोई गैस सिलेंडर देकर महंगाई से राहत दी जाएगी।
- **इन्दिरा लाडली बहन सम्मान योजना** :- योजना के अंतर्गत प्रदेश की 18 वर्ष से 60 वर्ष की महिलाओं को ₹2000/- प्रति माह दिये जायेंगे।
- प्रदेश में विधवाओं पर आश्रित बच्चों को मिल रही पेंशन की आयु सीमा 18 वर्ष से बढ़ाकर 22 वर्ष की जाएगी।
- हरियाणा सरकार की नौकरियों में महिलाओं को 33% आरक्षण दिया जाएगा।
- पंचायती राज संस्थाओं, नगर पालिकाओं, नगर निगमों और नगर परिषदों में महिलाओं को 50% आरक्षण दिया जाएगा।
- आंगनवाड़ी वर्कर/हैल्पर, आशा वर्कर, मिड-डे मील वर्कर के वेतन में वृद्धि की जाएगी।
- प्रदेश में कामकाजी महिलाओं/छात्राओं के लिए सुरक्षित छात्रावासों का एक नेटवर्क स्थापित किया जाएगा।
- प्रदेश की कॉलेज/स्कूलों में आने-जाने वाली छात्राओं के लिए मुफ्त पिंक मिनी-बस (Pink Mini Bus) व पिंक ई-रिक्शा (Pink E-Rickshaw) सेवाएं शुरू की जाएंगी।

- कामकाजी महिलाओं के बच्चों के लिए सरकारी व गैर-सरकारी कार्यालयों में क्रैच/ पालनाघर खोले जाएंगे।
- महिलाओं की मालिकाना हक वाली सम्पत्ति पर हाउस टैक्स में 50% छूट दी जाएगी।
- हरियाणा राज्य की स्नातक, स्नातकोत्तर, आई.टी.आई., बहु तकनीकी प्रशिक्षण प्राप्त महिलाओं को स्वरोजगार हेतु 20 लाख रुपए तक का ब्याज मुक्त ऋण देने की व्यवस्था की जाएगी।
- महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण के लिए उनको सिलाई-कढ़ाई मशीन आदि दी जाएंगी।
- हरियाणा में महिलाओं के लिए कॉलेज तक मुफ्त शिक्षा की व्यवस्था की जाएगी और उनकी सुरक्षा के लिए विशेष बसें चलाई जाएंगी।
- महिलाओं के लिए विशेष उद्यमिता प्रोत्साहन कार्यक्रम शुरू किए जाएंगे, जिसमें महिला उद्यमियों को व्यापारिक सलाह, संसाधन और वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी।
- महिला स्वास्थ्य के मद्देनजर प्रदेश के सरकारी और गैर-सरकारी सभी अस्पतालों में महिला वार्ड अनिवार्य किया जाएगा।
- सर्वाइकल कैंसर (Cervical Cancer) से सम्बन्धित टीकाकरण की नि:शुल्क सुविधा प्रदान की जाएगी।
- कांग्रेस सरकार हरियाणा में गर्भधारण पूर्व और प्रसव पूर्व निदान तकनीक अधिनियम (PNDT act), घरेलू हिंसा से महिला संरक्षण अधिनियम (Domestic Violence Act) व कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध और निवारण) अधिनियम, 2013 (एसएच अधिनियम, 2013) (Sexual Harassment of Women at Work-place) (Prevention, Prohibition and Redressal Act, 2013) के प्रावधानों को सख्ती व ईमानदारी से लागू करेगी।
- सार्वजनिक स्थानों पर महिला सुरक्षा हेतु अधिक पुख्ता इंतजाम करने के लिए सी.सी.टी.वी. कैमरे लगाएंगे।
- प्रदेश में फैमिली कोर्ट व फास्ट ट्रैक कोर्ट की स्थापना की जाएगी।



# कृषि, किसान व खेतिहर मजदूर कल्याण



**राज्य के किसानों की जिंदगी को बेहतर बनाना हमारा प्राथमिक लक्ष्य है। इसके लिए हम उन्हें, उनके खेत, घर और गांव के पास अधिकाधिक सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए संकल्पबद्ध हैं। यदि हमारे राज्य का अन्नदाता स्वस्थ और सम्पन्न होगा तो हम विकास के नए कीर्तिमान बनाएंगे।**

- किसान आयोग का गठन किया जाएगा। आयोग द्वारा प्रदेश के अन्नदाता की विभिन्न समस्याओं का समाधान प्राथमिकता पर किया जाएगा।
- हमारी प्रतिबद्धता है कि हरियाणा के किसान की पैदावार का हर दाना MSP पर बिकेगा, हम इसे कानूनी रूप से सुनिश्चित करेंगे।
- किसानों/मजदूरों को कर्ज मुक्त करने की प्रक्रिया को प्रभावशाली बनाया जाएगा। कर्ज माफी से कर्ज मुक्ति हमारा लक्ष्य है।
- फसल बीमा योजना में सुधार कर फसल नुकसान का मुआवजा 30 दिन के अंदर सीधे किसान के खाते में जमा होगा।
- उत्पादन लागत कम करने के लिए कृषि से जुड़े आवश्यक संसाधनों पर लगे टैक्स में समुचित छूट दी जाएगी।
- भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस छोटे, सीमांत किसानों व खेतिहर मजदूरों को 10 लाख रुपए तक का जीवन बीमा और स्वास्थ्य बीमा प्रदान करने का संकल्प लेती है।
- छोटे व सीमांत किसानों को डीजल पर सब्सिडी देने के लिए किसान डीजल कार्ड जारी किए जाएंगे।
- किसानों की आमदनी बढ़ाने के लिए फसलों का विविधीकरण तथा हरित क्रांति के साथ श्वेत क्रांति और नीली क्रांति को भी प्रोत्साहन दिया जाएगा।
- काले कानूनों के खिलाफ संघर्ष करते हुए शहीद हुए 736 किसानों की याद में सिंघू या टिकरी बॉर्डर पर शहीद स्मारक बनाया जाएगा। इन 736 किसानों को शहीद का दर्जा दिया जाएगा व परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी देना सुनिश्चित किया जाएगा।
- भारतीय जनता पार्टी द्वारा पिछले 10 वर्षों के दौरान किसानों के विरुद्ध झूठे व अन्यायपूर्ण मुकदमे दर्ज किए गए। कांग्रेस सभी केसों की समीक्षा करेगी व मुकदमे वापस लिए जाएंगे।
- हाईटेंशन लाइन से प्रभावित किसानों को मार्केट रेट पर तथा खंभों की बजाय कॉरिडोर के आधार पर मुआवजा उपलब्ध करवाया जाएगा।

- खेतिहर मजदूरों के उत्थान के लिए सम्मान निधि दी जाएगी।
- खेत में काम करते समय किसान व खेतिहर मजदूर की मृत्यु होने पर 10 लाख रुपए की एकमुश्त आर्थिक सहायता आश्रित पत्नी व बच्चों को दी जाएगी।
- किसानों को विभिन्न तरह के पोर्टल थमाकर परेशान किया जा रहा है। कांग्रेस सभी पोर्टलों की समीक्षा करेगी। किसान विरोधी पोर्टल बन्द किए जाएंगे।
- महिला किसानों के लिए विशेष सुविधाएं प्रदान की जाएंगी।
- कांग्रेस बड़े गांवों और छोटे शहरों में किसानों के लिए खुदरा बाजार स्थापित करेगी ताकि किसान अपनी उपज ला सकें और उपभोक्ताओं को बेच सकें।
- कांग्रेस ऊर्जा उत्पन्न करने के लिए ट्यूबवेलों से जुड़े सौर पैनल स्थापित करने के लिए एक प्रमुख कार्यक्रम शुरू करेगी।
- कांग्रेस पांच साल में डेयरी, मछली पालन और पोल्ट्री में उत्पादन को दोगुना करेगी।

# कृषि व पशुपालन


- पशुओं के चारे की समस्या दूर करने तथा दूध का उत्पादन बढ़ाने के लिए साइलेज (silage) बनाने वाली मशीन व अन्य उपकरणों की खरीद पर आर्थिक सहायता (Subsidy) दी जाएगी।
- हरियाणा की विश्वविख्यात भैंस की मुर्रा नस्ल के संरक्षण व संवर्धन के लिए मदर बुल केंद्र (mother bull stations) व सीमन बैंकों (semen Bank) को सुदृढ़ और आधुनिक बनाएंगे।
- दूध उत्पादन बढ़ाने के साथ-साथ आधुनिक डेयरिंग (Dairying) और मिल्क प्रोसेसिंग इंडस्ट्री (Milk Processing Industry) को भी प्रोत्साहित किया जाएगा।
- हरियाणा गाय व साहीवाल गायों के संवर्धन के लिए उपयुक्त कदम उठाए जाएंगे।
- दूध उत्पादन के माध्यम से किसानों की आय बढ़ाने के लिए दूध प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी और उत्तम नस्ल के पशुओं (Elite Animals) के संरक्षण के लिए प्रोत्साहन (incentive) दिए जाएंगे।
- कृषि उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए किसानों को कृषि के आधुनिक तरीके, तकनीक व उपकरण का प्रयोग करने के लिए प्रोत्साहन (incentive) दिया जाएगा।
- हरियाणा में वेटनरी संस्थाओं को सुदृढ़ व आधुनिक तकनीकी से लैस किया जाएगा। ब्लॉक स्तर पर वेटनरी अस्पताल खोले जाएंगे तथा मोबाईल वेटनरी वैन भी उपलब्ध कराई जाएंगी।
- प्रदेश में गौ-धन के संरक्षण के लिए गौशालाओं को सशक्त किया जाएगा व चारागाह विकास बोर्ड की स्थापना की जाएगी।

# सिंचाई

कांग्रेस पार्टी कृषि के लिए सिंचाई के महत्व को अच्छी तरह जानती है और मौजूदा सिंचाई स्रोतों को यथावत रखने को प्रतिबद्ध है। कांग्रेस पानी के वितरण की क्षमता बढ़ाने की कोशिश करेगी ताकि किसानों को समुचित मात्रा में पानी दिया जा सके। कांग्रेस पार्टी सिंचाई व्यवस्था के उचित रख-रखाव के लिए प्रतिबद्ध है। जिसके लिए कांग्रेस निम्नलिखित प्रभावी कदम उठाएगी: -

- सुप्रीम कोर्ट ने SYL नहर के मामले में हरियाणा के पक्ष में निर्णय दिया है। इस निर्णय को लागू करने के लिए मजबूती से पैरवी की जाएगी।
- दादूपुर नलवी नहर परियोजना का पुनरुत्थान किया जाएगा।
- यमुना नदी पर लखवार, रेणुका, किशाऊ डैमों का निर्माण पूरा कराया जाएगा।
- शारदा-यमुना लिंक नहर के निर्माण के लिए प्रयत्न किए जाएंगे।
- यमुना नदी का पानी राजस्थान को दिए जाने संबंधी जो समझौता किया गया है, उसे निरस्त किया जाएगा।
- जल संरक्षण की व्यापक योजना बनाई जाएगी। कोटला, सुलतानपुर, ओट्टू, भिंडावास व अन्य झीलों, तालाबों आदि जलकुओं से वर्षा का पानी इकट्ठा कर सिंचाई के लिए उपयोग में लाया जाएगा।
- मेवात नहर परियोजना (Mewat Canal Project) को पूरा किया जाएगा।
- गुड़गांव नहर व आगरा नहर की क्षमता व पानी की गुणवत्ता बढ़ाई जाएगी।
- साहिबी, दोहान आदि दक्षिणी हरियाणा की नदियों के पानी का हिस्सा राजस्थान से लिया जाएगा।
- प्रदेश में पानी का समान बंटवारा करने के लिए बनाई हांसी बुटाना लिंक नहर परियोजना के कानूनी पहलुओं को शीघ्र हल कराया जाएगा।
- कांग्रेस सरकार बनने पर पानी तक पहुंच एवं पानी के समुचित बंटवारे पर विशेष ध्यान देगी। कांग्रेस बांधों एवं जल निकायों में भंडारण, भूजल की भरपाई नागरिक समाज संगठनों, किसानों, पंचायतों एवं ग्राम सभाओं एवं नगर पालिकाओं को शामिल करते हुए जल प्रबंधन का एक बड़ा भागीदारी कार्यक्रम बनाकर जल संबंधी समस्याओं का समाधान करेगी।
- किसानों को पूर्ण रूप से सिंचाई सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए अधिक से अधिक पुराने कच्चे खालों को पक्का किया जाएगा।
- जल संसाधनों के समुचित उपयोग एवं आकलन हेतु जल संसाधन प्राधिकरण (Water Resource Authority) का गठन किया जाएगा।
- गिरते हुए भूजल में सुधार के लिए जल संरक्षण मिशन का गठन तथा स्थायी व बड़ी वाटर बॉडीज विकसित की जाएगी।
- कांग्रेस सरकार बनने पर सिंचाई हेतु टयूबवेल कनेक्शन व सोलर पैनल की सुविधाएं चरणबद्ध तरीके से उपलब्ध कराई जाएंगी।

# युवाओं के लिए न्याय



**हरियाणा प्रदेश का भविष्य आज के युवाओं में निहित है। आज प्रदेश के युवाओं को बेरोजगारी के साथ-साथ भारी निराशा का भी सामना करना पड़ रहा है। इसका मूल कारण बड़े पैमाने पर बेरोजगारी है, जो पिछले 10 वर्षों से भाजपा सरकार के शासन में हर साल बढ़ती गई है। कांग्रेस एक सशक्त युवा न्याय कार्यक्रम के माध्यम से हरियाणा प्रदेश के युवाओं की आकांक्षाओं को पूरा करेगी।**

- कांग्रेस 2 लाख खाली सरकारी पदों पर योग्य हरियाणवी युवाओं की समयबद्ध एवं पारदर्शी भर्ती करेगी।
- सभी सरकारी विभागों/उपक्रमों में रिक्त पदों पर स्थायी भर्ती की जाएगी। स्थायी भर्ती पारदर्शी एवं समयबद्ध तरीके से की जाएगी। सरकारी विभागों में ठेके पर भर्ती बन्द की जाएगी।
- हरियाणा कौशल रोजगार निगम (HKRNL) को बन्द किया जाएगा। HKRNL द्वारा नियुक्त ठेके पर अधीन कर्मियों को हटाया नहीं जाएगा। ठेके पर कार्यरत कर्मचारियों को योग्यता के अनुसार नीति बनाकर समायोजित करने का प्रयास किया जाएगा।
- कांग्रेस नौकरी परीक्षाओं के लिए प्रश्न-पत्र लीक (Paper-leak) होने के मामलों का निपटान करने के लिए सख्त कानून बनाकर फास्ट ट्रैक कोर्ट (Fast Track Court) का गठन करेगी।
- युवाओं को स्वरोजगार के लिए ट्रेक्टर, जीप, कार, ट्रक इत्यादि पर 20% सब्सिडी के साथ ऋण मुहैया करवाया जाएगा।
- कांग्रेस सरकार का प्रयास रहेगा कि सेना की पक्की भर्ती की जाए व राज्य में अग्निवीरों से सेवानिवृत्त सैनिकों को राज्य सरकार की भर्तियों में सम्मिलित करने की नीति बनाई जाएगी।
- रोजगार मिलने तक बेरोजगारी भत्ते में उचित बढ़ोतरी की जाएगी।
- हम उद्योग, लघु उद्योग और व्यापार को जिला स्तर पर स्थापित करेंगे ताकि प्रदेश की बेरोजगारी दूर हो।
- ग्रामीण व शहरी युवाओं को सामूहिक दूध की डेयरी व दूध से तैयार होने वाली वस्तुओं को तैयार करने व Agro-based इकाइयां स्थापित करने के लिए 10 लाख रुपए तक का ऋण 25% सब्सिडी के साथ 4% वार्षिक ब्याज पर उपलब्ध करवाया जाएगा।
- गांव के लोगों की मांग के अनुसार, आवश्यक कौशल की पूर्ति के लिए कौशल विकास केंद्र बनाये जाएंगे, जिसमें गांव के युवाओं को गांव में ही प्रशिक्षण देकर रोजगार मुहैया करवाया जाएगा।

# निष्पक्ष,पारदर्शी व नियमानुसार शीघ्र भर्ती की गारंटी

शीघ्र पूरी होंगी रुकी हुई भर्तियां। भाजपा ने पूरे 10 वर्ष भर्तियों के नाम पर लटकाने, भटकाने और युवाओं को कोर्ट-कचहरी के चक्कर कटवाने का ही काम किया है। 10 वर्ष तक कभी सी.ई.टी. के बहाने, तो कभी पेपर लीक करवाकर साजिश के तहत भर्तियों को चुनाव तक लटकाए रखा। लेकिन कांग्रेस सरकार बनते ही भाजपा सरकार द्वारा लटकाई गई तमाम भर्तियों को शीघ्र भरा जाएगा। भर्तियों के लिए चयनित युवाओं को भी अविलंब ज्वाइनिंग दी जाएगी।

## भर्ती विधान: -

- नियमित, पारदर्शी, चरणबद्ध, योग्यतानुसार और व्यापक भर्तियां करना कांग्रेस का लक्ष्य है। प्रदेश के अलग-अलग विभागों में रिक्त पड़े सभी 2 लाख पदों को नियमित भर्ती के द्वारा भरा जाएगा।
- भर्तियों में किसी भी तरह की अनियमितता के लिए सिर्फ बाहरी एजेंसियों को नहीं, बल्कि सीधे तौर पर HSSC-HPSC में बैठे अधिकारियों, सदस्यों और अध्यक्ष को भी जिम्मेदार माना जाएगा।
- पूरे वर्ष का "भर्ती कैलेंडर" जारी किया जाएगा। जिसमें स्पष्ट होगा कि इस वर्ष कौन-कौन सी भर्तियां होंगी, उनका पूरा शेड्यूल भी इस कैलेंडर में दिया जाएगा। चरणबद्ध तरीके से इसको संपन्न करवाने की पूरी जिम्मेदारी संबंधित विभाग की होगी।
- प्रत्येक भर्ती के फॉर्म के साथ उसका पूरा कैलेंडर भी जारी किया जाएगा। जिसमें लिखित परीक्षा से लेकर परिणाम तक की तिथि का उल्लेख होगा।
- भविष्य में तमाम भर्तियां सी.ई.टी. के आधार पर हों या प्रत्येक भर्ती के लिए अलग लिखित परीक्षा होगी। इसको लेकर अभ्यार्थियों व सी.ई.टी. पास युवाओं के साथ व्यापक मंथन करते हुए उचित निर्णय लिया जाएगा।
- CET ग्रुप 56, 57 (ग्राम सचिव, पटवारी, क्लर्क) और 1, 2 (JE), 6 (कॉमर्स) व पुलिस के पदों के अंतर्गत आने वाले अभ्यर्थियों की रुकी हुई ज्वाईनिंग देने के लिए अभ्यर्थियों की वेरिफिकेशन करके ज्वाइनिंग दी जाएगी।

## युवाओं के लिए विदेशी रोजगार के अवसर :

हरियाणा विदेशी रोजगार बोर्ड (Haryana Overseas Employment Board) का गठन।

कांग्रेस पार्टी सत्ता में आते ही शिक्षा और प्रशिक्षण की गुणवत्ता में सुधार लाकर हरियाणा के नौजवानों को अंतर्राष्ट्रीय प्रतिस्पर्धाओं के लिए सक्षम बनाएगी। पश्चिमी और खाड़ी देशों में शिक्षित और तकनीकी हुनर प्राप्त युवाओं के लिए रोजगार की अच्छी संभावनाएं हैं। इस दिशा में रोजगार एवं सूचना मुहैया कराने वाला बोर्ड गठित करेगी। वह बोर्ड युवाओं की वीजा लेने, पासपोर्ट बनवाने और विदेशों में रोजगार दिलवाने में भी मदद करेगा।

## युवाओं द्वारा विदेशों में पलायन:

भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस इस दुखद सत्य से अवगत और चिंतित है कि हरियाणा प्रदेश के हजारों युवक /युवतियां बेरोजगारी से निराश होकर अपनी जान तक जोखिम में डालकर गैर कानूनी तरीकों से विदेशों में प्रवास या पलायन करने पर मजबूर हो गए हैं। उनके साथ होने वाली ठगी, दुर्व्यवहार और दुर्घटनाओं की खबरें आम हैं। इसके अतिरिक्त इस रुझान के कारण कई प्रकार की सामाजिक समस्याएं भी पैदा हो रही हैं, जो चिंताजनक हैं।

1. प्रवास प्रक्रिया को नियंत्रित किया जाएगा और युवाओं के हितों की सुरक्षा की जाएगी।
2. प्रवासी युवाओं के परिवारों के कल्याण व देखभाल की व्यवस्था बनाने का प्रयास किया जाएगा।

## प्रवासी भारतीयों (NRIs) के मुद्दे :-

- हरियाणा कांग्रेस सरकार प्रवासी हरियाणवियों के लिए एक अलग विभाग का गठन करेगी। यह विभाग प्रवासी भारतीयों के तमाम मुद्दों की देखभाल करेगा
- हरियाणा कांग्रेस प्रवासी भारतीयों (NRIs) की समस्याओं के समाधान के लिए -स्टॉप विंडो स्थापित करेगी। हर जिले में उपायुक्त (DC) और पुलिस अधीक्षक (SP) के कार्यालय में एक एनआरआई समन्वयक नियुक्त किया जाएगा।
- अवैध इमीग्रेशन (डंकी रूट्स के माध्यम से) पर पूर्ण प्रतिबंध और अवैध इमीग्रेशन सेवाओं को बढ़ावा देने वाले इमीग्रेशन कंसल्टेंट्स/एजेंट्स के खिलाफ कड़ी सजा दी जाएगी।



# सामाजिक न्याय



**कांग्रेस पार्टी आजादी के आन्दोलन के दौरान से ही अनुसूचित जाति एवं पिछड़े वर्गों को राष्ट्र की मुख्य धारा में लाने के लिए प्रयत्नशील रही है। इस कारण इस शोषित समाज में जागरूकता भी आई। आजादी के बाद कांग्रेस पार्टी ने विभिन्न संवैधानिक प्रावधानों तथा अन्य आर्थिक सुविधाओं के द्वारा शोषितों को सशक्त बनाने के अथक प्रयास किए हैं।**

## अनुसूचित जाति

- महात्मा गाँधी ग्रामीण बस्ती योजना के अंतर्गत प्रदेश में प्रत्येक गरीब परिवार को 100-100 गज के मुफ्त प्लाट व 3.5 लाख रुपए की लागत से बने 2 कमरे का मकान दिया जाएगा।
- अनुसूचित जाति के अंतर्गत विभिन्न योजनाओं का लाभ लेने के लिए निर्धारित आय सीमा 1.80 लाख रुपए को बढ़ाया जाएगा।
- सभी सरकारी व अर्द्ध-सरकारी कार्यालयों तथा विश्वविद्यालयों में SC/BC का बैकलॉग (Backlog) पूरा किया जाएगा व सभी विभागों में अनुसूचित जाति के लिए रिक्त आरक्षित पद समयबद्ध तरीके से भरे जाएंगे।
- अनुसूचित जाति व अति पिछड़ा वर्ग के लिए पहली से दसवीं कक्षा, ग्यारहवीं, बारहवीं कक्षा व उच्च शिक्षा के लिए छात्रवृत्ति (पोस्ट मैट्रिक स्कॉलरशिप व डॉ.बी.आर. अम्बेडकर मेधावी छात्र योजना) में बढ़ोतरी की जाएगी व समय पर भुगतान किया जाएगा।
- कांग्रेस सरकार बनने पर कोचिंग सेंटर चलाए जाएंगे, जिनमें UPSC, HSSC व HPSC परीक्षाओं की नि:शुल्क कोचिंग दी जाएगी।
- अनुसूचित जाति आयोग का पुनर्गठन करके उसे प्रभावी कार्य करने के लिए संवैधानिक एवं प्रशासनिक शक्तियां प्रदान की जाएंगी।
- हरियाणा अनुसूचित जाति विकास एवं वित्त निगम का बजट बढ़ाकर दोगुने से भी ज्यादा किया जाएगा। उचित प्रावधानों द्वारा उसे सशक्त बनाया जाएगा।
- डॉ. बी.आर. अम्बेडकर आवास योजना के तहत BPL परिवारों को घर निर्माण के लिए सरकार द्वारा 2 लाख रुपए व मरम्मत के लिए 70,000 रुपए का आर्थिक सहयोग दिया जाएगा।

- इंदिरा गाँधी बालिका विवाह सहयोग योजना के तहत अनुसूचित जाति, अति पिछड़ा वर्ग, BPL परिवारों और आर्थिक रूप से कमजोर एकल महिला को उसकी बेटी की शादी पर एक लाख रुपए की राशि शगुन के रूप में दी जाएगी।
- सफाई कर्मचारियों की समस्याओं और उनके उत्थान के लिए सफाई कर्मचारी आयोग का गठन किया जाएगा।
- कांग्रेस सरकार बनने पर सफाई कर्मचारियों को नीति बनाकर पक्का किया जाएगा।
- कांग्रेस सरकार बनने पर सफाई कर्मचारियों को योग्यता अनुसार पदोन्नति देंगे।
- कांग्रेस सरकार बनने पर सफाई कर्मचारियों के रिक्त पदों को एकमुश्त भरा जाएगा।
- अनुसूचित जाति, अन्य पिछड़ा वर्ग चौपाल योजना के तहत चौपाल निर्माण व मरम्मत के लिए आवश्यकता अनुसार पर्याप्त राशि उपलब्ध करवाई जाएगी।
- सीवेरज की सफाई करने वाले कर्मचारियों को जोखिम भत्ता पांच (5) हजार रुपए प्रतिमाह और तीस (30) लाख रुपए के बीमा के साथ आवश्यक सुरक्षात्मक उपकरण भी मुहैया करवाए जाएंगे।
- विशेष अनुसूचित जाति क्षेत्र फण्ड (SC Component) की मॉनिटरिंग के लिए राज्य स्तर पर एक ऑथोरिटी (Authority) का गठन किया जाएगा।
- विमुक्त घुमंतू, अर्ध घुमंतू (NT & DNT) आदि जातियों की समस्याओं के लिए विशेष सर्वे किया जाएगा। इनके उत्थान के लिए एक कल्याण बोर्ड बनाया जाएगा। बोर्ड को प्रभावी कार्य करने के लिए वैधानिक एवं प्रशासनिक शक्तियां प्रदान कर सशक्त किया जाएगा।
- कांग्रेस सरकार बनने पर हरियाणा में औद्योगिक/व्यावसायिक भूखण्डों के आवंटन/नीलामी में अनुसूचित जाति वर्ग के अभ्यर्थियों /उद्यमियों को उचित आरक्षण दिया जाएगा। उद्योग की स्थापना के लिए ऋण व वित्तीय सहायता भी उपलब्ध कराई जाएगी।
- प्रदेश में अनुसूचित जाति को न्याय देने के लिए अनुसूचित जाति/जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम (SC and ST (Prevention of Atrocities Act)) के प्रावधानों को सख्ती से लागू किया जाएगा।

# अन्य पिछड़ा वर्ग

- कांग्रेस सरकार बनने पर पिछड़ी जातियों की क्रीमी लेयर सीमा को 6 लाख रुपए वार्षिक से बढ़ाकर 10 लाख रुपए वार्षिक किया जाएगा।
- ओ.बी.सी. समाज के संपूर्ण विकास और उत्थान के लिए पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग का गठन किया जाएगा, जिसमें बी.सी.ए. समाज को उचित प्रतिनिधित्व दिया जाएगा।
- जातिगत सर्वे करवाया जाएगा, ताकि हर बिरादरी को सामाजिक व आर्थिक आधार पर हक मिल सके।
- अन्य पिछड़ी जातियों के लोगों की समस्याओं का समाधान करने के लिए निम्न बोर्डों का गठन व पुनर्गठन किया जाएगा :-
  - हरियाणा माटी कला बोर्ड
  - हरियाणा केश कला बोर्ड
  - हरियाणा स्वर्णकार कल्याण बोर्ड
  - हरियाणा सिलाई-कढ़ाई (दर्जी) वेलफेयर बोर्ड

- पिछड़े वर्गों को प्रथम और द्वितीय श्रेणी की नौकरियों में नीति निर्धारित करके उचित आरक्षण दिया जाएगा। जैसे कि हरियाणा में उनकी आबादी के अनुसार तृतीय और चतुर्थ श्रेणी में उनका आरक्षण सुनिश्चित है।
- विश्वकर्मा शिल्पकार-दस्तकार ऋण योजना नामक एक नई योजना शुरु करके इसके तहत अति पिछड़ा वर्ग के दस्तकारों व शिल्पकारों को सूक्ष्म एवं लघु उद्योग के लिए मामूली ब्याज दर पर बिना जमानत के ऋण सुविधा प्रदान की जाएगी।
- अनुसूचित जाति के विद्यार्थियों की तर्ज पर बी.सी.ए./ई.बी.सी. के विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति व अन्य सुविधाएं प्रदान की जाएंगी।

# अल्पसंख्यक

- कांग्रेस सरकार राज्य में 'हरियाणा अल्पसंख्यक आयोग' का पुनर्गठन करेगी। भाजपा सरकार ने इस आयोग को भंग कर दिया था।
- कांग्रेस कुरुक्षेत्र जिले में गुरु गोबिन्द सिंह जी के नाम पर एक विश्वविद्यालय स्थापित करेगी।
- **हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी का चुनाव: -** कांग्रेस सरकार ने लंबे संघर्ष के बाद 11 जुलाई, 2014 को 'हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी' के निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए एक प्रस्ताव पारित किया था, सुप्रीम कोर्ट ने भी इसकी पुष्टि की थी। वर्तमान सरकार अपने स्वार्थों की पूर्ति के लिए इसका इस्तेमाल कर रही है। कांग्रेस सरकार सिख समुदाय के हितों की रक्षा के लिए शीघ्र 'हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी' के निष्पक्ष चुनाव करवाएगी।
- मेवात क्षेत्र में एक राज्य विश्वविद्यालय की स्थापना की जाएगी।
- मेवात (Minority District) में प्रत्येक ब्लॉक में स्किल सेंटर्स (skill centers) स्थापित किए जाएंगे ताकि युवाओं को रोजगार दिया जा सके।
- कांग्रेस यह सुनिश्चित करेगी कि अल्पसंख्यकों को शिक्षा, स्वास्थ्य देखभाल, सरकारी नौकरी, लोक निर्माण अनुबंध, कौशल विकास, खेल और सांस्कृतिक गतिविधियों में बिना किसी भेदभाव के उचित अवसर मिलें।
- पंजाबी भाषा हरियाणा की दूसरी राजभाषा है। कांग्रेस सरकार सरकारी स्कूलों में पंजाबी भाषा के शिक्षकों के नये पद सृजित करेगी। पंजाबी भाषा के शिक्षकों के खाली पद शीघ्र भरे जाएंगे। इसके अलावा कांग्रेस सरकार पंजाबी और उर्दू भाषा के विकास के लिए हर संभव प्रयास करेगी।

# सामाजिक सुरक्षा



## वरिष्ठ नागरिक

कांग्रेस वरिष्ठ नागरिकों के मान-सम्मान को सर्वोच्च प्राथमिकता देती आई है। कांग्रेस सरकार जरूरतमंद बुजुर्गों को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने के लिए निम्न प्रभावी कदम उठाएगी: -

- कांग्रेस सरकार बनने पर जरूरतमंद बुजुर्ग को 6000 रुपए प्रतिमाह बुढ़ापा पेंशन दी जाएगी।
- प्रदेश के वरिष्ठ नागरिकों को आवास एवं चिकित्सा जैसी बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध करवाएगी।
- प्रत्येक जिले में एक वृद्ध आश्रम बनाया जाएगा ताकि वृद्ध जन अपना जीवन सुचारु रूप से गुजार सकें।
- वरिष्ठ नागरिकों के लिए गांव एवं शहरों में सामुदायिक भवनों का निर्माण किया जाएगा।
- प्रत्येक वरिष्ठ नागरिक का फ्री हेल्थ चेकअप कराया जाएगा।
- प्रदेश में प्रत्येक वरिष्ठ नागरिक को वरिष्ठ नागरिक कार्ड दिया जाएगा। जिससे वह उनसे जुड़ी सुविधाओं का लाभ आसानी से ले सकेंगे।

## दिव्यांग जन

- कांग्रेस सरकार जरूरतमंद दिव्यांगों की दिव्यांग पेंशन को बढ़ाकर 6000 रुपए प्रतिमाह करेगी।
- कांग्रेस सरकार दिव्यांग जन अधिकार अधिनियम, 2016 को लागू करेगी।
- कांग्रेस विशेष आवश्यकता वाले और दिव्यांग बच्चों को गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए विशेष शिक्षा हेतु राज्य अनुसंधान एवं उत्कृष्टता केन्द्र स्थापित करेगी।
- प्रदेश भर में दिव्यांग जनों के लिए सहायता एवं देखभाल केन्द्र स्थापित करने के लिए एक योजना लागू करेगी।
- सरकारी नौकरियों में दिव्यांगों का बैकलॉग पूरा किया जाएगा।
- प्रदेश में दिव्यांग जनों की शिक्षा एवं कल्याण के लिए स्थापित संस्थानों में आवश्यकता अनुसार विशेष शिक्षकों (Special Teachers) की भर्ती प्राथमिकता के आधार पर की जाएगी।

# कर्मचारी

- कांग्रेस सरकारी कर्मचारियों की पुरानी पेंशन (OPS) बहाल करेगी।
- सातवें वेतन आयोग की वेतन विसंगतियों को दूर करने के लिए कमेटी गठित की जाएगी, जिसमें कर्मचारियों के प्रतिनिधियों से भी परामर्श किया जाएगा।
- कांग्रेस हरियाणा में कार्यरत अस्थायी कर्मचारियों की वेतन बढ़ोतरी व उनको नियमित करने के लिए एक कमेटी का गठन करेगी। नीति बनाकर योग्यता अनुसार अस्थायी कर्मचारियों को नियमित किया जाएगा।
- कांग्रेस शहरों व ग्रामीण क्षेत्र में कार्यरत सफाई कर्मचारियों को नीति बनाकर नियमित करेगी।
- कांग्रेस कार्यरत महिला फ्रंटलाईन वर्कर (आशा वर्कर, आंगनवाड़ी वर्कर, हेल्पर व मिड-डे-मील वर्कर) के मानदेय में बढ़ोतरी करेगी।
- लिपिकीय वर्ग को टेक्निकल श्रेणी में मानकर उनके वेतन में बढ़ोतरी की जाएगी।
- कांग्रेस NHM के अन्तर्गत कार्यरत कर्मचारियों के वेतन व अन्य सेवा शर्तों पर एक कमेटी का गठन करेगी।
- कांग्रेस सरकार बनने पर कर्मचारियों के लिए मेडिकल सुविधा को कैशलेस किया जाएगा।
- हरियाणा सरकार के सेवानिवृत्त कर्मचारियों को 65, 70, 75 तथा 80 वर्ष की आयु पूरी करने पर पेंशन में क्रमश: 5%, 10%, 15% तथा 20% की बढ़ोतरी की जाएगी।

# श्रमिक न्याय

- सभी निर्माण मजदूरों को BPL श्रेणी में शामिल किया जाएगा तथा काटे गए कार्ड बहाल किए जाएंगे।
- स्ट्रीट वैंडरर्स को सामाजिक संरक्षण देने के लिए स्ट्रीट वैंडर वेलफेयर एक्ट के प्रावधानों को रिव्यू (review) करके लागू किया जाएगा।
- घरों में कार्य करने वाले श्रमिकों के कल्याण के लिए डोमेस्टिक वर्कर्स वेलफेयर एक्ट (Domestic workers welfare act) को लागू किया जाएगा।
- मनरेगा (MNREGA) कार्य आवंटन को सरल किया जाएगा व श्रमिकों को ऑफलाइन /ऑनलाईन कार्य भी उपलब्ध करवाया जाएगा।
- अधिनियम के अंतर्गत ब्लॉक, जिला व राज्य स्तर पर मनरेगा ट्रिब्यूनल (MNREGA Tribunal) का गठन किया जाएगा।
- MNREGA कर्मचारियों की मजदूरी बढ़ाकर कम से कम 400 रुपए की जाएगी और कार्य दिवस भी बढ़ाए जाएंगे। इन कर्मचारियों को बीमा कवर भी दिया जाएगा।
- प्रत्येक ई-श्रम कार्ड होल्डर श्रमिक को 10 लाख रुपए बीमा कवर दिया जाएगा।

# ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज संस्थाएं



- कांग्रेस सरकार बनने पर स्वर्गीय राजीव गांधी द्वारा संविधान के 73वें संशोधन के अनुसार हरियाणा में पंचायती राज संस्थानों जैसे जिला परिषदों, ब्लॉक समीतियों एवं ग्राम पंचायतों के चुने हुए प्रतिनिधियों को सभी वित्तीय और प्रशासनिक शक्तियां दी जाएंगी।
- मनरेगा के अंतर्गत कार्यों की सूची के अनुसार मनरेगा मजदूरी को बढ़ाकर कम से कम 400 रुपए प्रतिदिन करेंगे। कक्षाओं, पुस्तकालयों और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों जैसी सार्वजनिक संपत्तियों के निर्माण के लिए मनरेगा निधि और श्रमिकों को भी तैनात किया जाएगा।
- ग्रामीण क्षेत्रों और नजदीकी कस्बे/शहर के बीच परिवहन सुविधाएं और कनेक्टिविटी बढ़ाई जाएगी ताकि लोग ग्रामीण क्षेत्रों में रह कर शहरी क्षेत्रों में काम कर सकें।
- ग्रामीण क्षेत्रों में आवारा और बेसहारा पशुओं का आतंक चिंताजनक रूप धारण कर चुका है। आवारा और बेसहारा पशुओं से जान-माल की सुरक्षा करने के प्रयास किए जाएंगे। ऐसे समाधान ढूंढे जाएंगे जो मनुष्यों की रक्षा करेंगे और जानवरों के प्रति मानवीय दृष्टिकोण के अनुरूप होंगे।
- लोक शक्ति लोगों को लौटाई जाएगी। संवैधानिक प्रतिनिधि संस्था पंचायत के अधिकारों का वर्तमान सरकार द्वारा किया अतिक्रमण समाप्त कर उनके अधिकार न केवल बहाल किए जाएंगे बल्कि उनका विस्तार किया जाएगा।
- कांग्रेस सरकार बनने पर भाजपा सरकार द्वारा पारित The Haryana Panchayati Raj (Second Amendment and Validation) Act, 2020 (Right to Recall of Sarpanch) अधिनियम को शीघ्र प्रभाव से निरस्त किया जाएगा।
- प्रत्येक गांव में एक आधुनिक लाइब्रेरी की स्थापना की जाएगी, उसमें गांव के बेरोजगार शिक्षित युवाओं को पढ़ने के अवसर व मुफ्त वाई-फाई सेवा उपलब्ध करवाई जाएगी।
- प्रत्येक गांव में ग्रामीणों को ऑनलाईन सुविधा व सरकारी योजनाओं की जानकारी का लाभ पहुंचाने हेतु साइबर सुविधा केंद्र (Cyber Convenience Center) स्थापित किए जाएंगे।
- प्रदेश में ग्रामीण इलाकों में सड़कों का जाल बिछाया जाएगा व मरम्मत का कार्य तेजी से किया जाएगा।
- हरियाणा के हर गाँव के हर घर में पीने के शुद्ध पानी की व्यवस्था की जाएगी।
- प्रदेश में ग्रामीण इलाकों में 24 घण्टे बिजली का प्रबंध किया जाएगा।
- कांग्रेस सरकार बनने पर ग्रामीण इलाकों में 300 यूनिट बिजली मुफ्त दी जाएगी।
- घरों में सोलर पैनल लगाने के लिए सब्सिडी की राशि को बढ़ाया जाएगा।
- 5 हजार से ज्यादा जनसंख्या वाले गांवों में सीवरेज की व्यवस्था की जाएगी।


- प्रत्येक गांव में स्ट्रीट लाईट लगवाई जाएगी।
- गांवों की बढ़ती आबादी और जरूरत के मद्देनजर गांव के लाल डोरे का विस्तार किया जाएगा।
- गांव की आबादी बढ़ने के कारण पशुओं के पीने का पानी दूषित हो गया है। इसके लिए प्रत्येक गांव के जोहड़ की साफ-सफाई व सौंदर्यीकरण करवाया जाएगा। यह सुनिश्चित किया जाएगा कि पशुओं को पीने योग्य पानी उपलब्ध हो।
- **नम्बरदार : -**
  - नम्बरदारी के पद को जारी रखा जाएगा। नियुक्ति के लिए एक नीति बनाई जाएगी व वारिस को वरीयता दी जाएगी।
  - नम्बरदारों का मानदेय बढ़ाया जाएगा।
- प्रदेश में कांग्रेस सरकार बनने पर मनरेगा का विस्तार करके इसका लाभ उन किसानों को भी दिया जाएगा, जो अपने खेतों में तालाब बनाते हैं, मेड़बंदी करते हैं, सिंचाई की नालियां बनाते हैं या दूसरे ढांचे विकसित करते हैं। मनरेगा के अन्तर्गत किसानों को अधिक से अधिक लाभ पहुंचाया जाएगा।

# शहरी विकास



- कांग्रेस सरकार बनने पर स्वर्गीय राजीव गांधी द्वारा संविधान के 74वें संशोधन के अनुसार हरियाणा में शहरी निकायों, नगर निगमों, नगर परिषदों, नगर पालिकाओं को सभी वित्तीय और प्रशासनिक शक्तियां दी जाएंगी।
- प्रदेश में शहरी इलाकों में सड़कों की मरम्मत का कार्य तेजी से किया जाएगा।
- प्रदेश में शहरी इलाकों में 24 घण्टे बिजली का प्रबंध किया जाएगा।
- कांग्रेस सरकार बनने पर शहरी इलाकों में 300 यूनिट बिजली मुफ्त दी जाएगी।
- घरों में सोलर पैनल लगाने के लिए सब्सिडी की राशि को बढ़ाया जाएगा।
- शहरों में पानी निकासी व सीवरेज व्यवस्था ठीक की जाएगी।
- हुडा प्लॉट्स ई-ऑक्शन (HUDA Plots e-auction) की नीतिगत समीक्षा की जाएगी व रिजर्व रेट पर ड्रा ऑफ लॉट्स (draw of lots) के माध्यम से आवासीय व कमर्शियल प्लॉट अलॉट किए जाएंगे। अनुसूचित जाति व प्रोफेशनल्स (professionals) (वकील, डॉक्टर, मीडिया कर्मी इत्यादि) को उचित आरक्षण दिया जाएगा।
- प्रदेश में अवैध कॉलोनियों को वैध करने के लिए पारदर्शी नीति बनाई जाएगी।

- झुग्गी बस्तियों में मूलभूत सुविधाएं प्रदान की जाएंगी।
- झुग्गी बस्तियों में रहने वाले लोगों को नियमित करने या पुनर्स्थापित करने की पारदर्शी नीति बनाई जाएगी।
- हरियाणा प्रदेश में रहने वाले पूर्वांचल के भाइयों और उनके परिवारों के लिए छठ पूजा के आयोजन के लिए छठ घाट की व्यवस्था की जाएगी। पूर्वांचल कल्याण बोर्ड की स्थापना भी की जाएगी।
- सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट - हर शहर में सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट की स्थापना की जाएगी। जिन शहरों में सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट बंद हैं, उन्हें पुन: शुरु किया जाएगा। प्लांट के नजदीक गांवों की सफाई व्यवस्था का समुचित प्रबंध किया जाएगा।
- कांग्रेस सरकार बनने पर मल्टी-मॉडल शहरी सार्वजनिक परिवहन के लिए एक व्यापक योजना लागू की जाएगी।
- शहरी क्षेत्रों में सड़कों को सुदृढ़ बनाया जाएगा और शहरों के सौंदर्यीकरण के लिए पार्कों का निर्माण किया जाएगा।
- शहरी क्षेत्रों में बढ़ रही आबादी की जरूरत के अनुसार आवासीय सुविधा उपलब्ध करवाने के लिए नगरपालिका सीमा का आवश्यकतानुसार विस्तार किया जाएगा।
- शहरी क्षेत्रों में गरीबी उन्मूलन हेतु गरीबी उन्मूलन मिशन की स्थापना की जाएगी, जिसके तहत गरीब लोगों को स्वयं सहायता समूह के माध्यम से स्किल अपग्रेडेशन एवं स्वरोजगार स्थापित करने हेतु एक व्यापक कार्यक्रम आरम्भ किया जाएगा।
- शहरी क्षेत्रों में आवारा और बेसहारा पशुओं का आतंक चिंताजनक रूप धारण कर चुका है। आवारा और बेसहारा पशुओं से जान-माल की सुरक्षा करने के प्रयास किए जाएंगे। ऐसे समाधान ढूंढे जाएंगे जो मनुष्यों की रक्षा करेंगे और जानवरों के प्रति मानवीय दृष्टिकोण के अनुरूप होंगे।
- हरियाणा प्रदेश में धोबी घाटों की व्यवस्था करके इस व्यवसाय से जुड़े लोगों को सुविधाएं प्रदान की जाएंगी।



# पर्यावरण



## हमारा हरियाणा-हरियाला हरियाणा

**अगर आप इस धरती पर जीवित और स्वस्थ रहना चाहते हैं तो धरती को जीवित रखना होगा। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पर्यावरण संबंधी आधुनिक समस्याओं जैसे ग्लोबल वार्मिंग, पानी और हवा में जहरीले पदार्थों की मौजूदगी, विषैले धुआं-धूल, शोर आदि समस्याओं के प्रति बेहद गंभीर है। यह भी सत्य है कि दूषित पर्यावरण का सबसे बड़ा और सबसे पहला दुष्प्रभाव कृषि पर पड़ता है। चूंकि हरियाणा एक कृषि प्रधान प्रदेश है , इसलिए इस विषय का महत्व सर्वाधिक है।**

- हरियाणा राज्य शिक्षा बोर्ड के पाठ्यक्रम में 12वीं कक्षा तक पर्यावरण विज्ञान अलग अनिवार्य विषय के रूप में लागू किया जाएगा ताकि आने वाली पीढ़ियों की इस विषय में जानकारी और संवेदनशीलता बढ़े।
- अरावली व शिवालिक पहाड़ियों में अंधाधुंध शहरीकरण को रोकने के लिए वर्तमान कानून को सुधार कर सख्ती से लागू किया जाएगा।
- प्रदेश में पॉलिथीन पर पूर्णतया रोकथाम लगाई जाएगी। पर्यावरण की रक्षा के लिए कंपोस्टेबल बैग्स (Compostable bags) के उपयोग को बढ़ावा दिया जाएगा।
- वृक्षारोपण के लिए डिग्री सर्टिफिकेट के साथ पांच पेड़ लगाना अनिवार्य होगा।
- शहरों में वाहन प्रदूषण, जाम, शोर आदि को नियंत्रित करने के लिए इलेक्ट्रिक व सी.एन.जी. वाहनों को प्रोत्साहन दिया जाएगा।
- शहरों में नए पार्क विकसित किए जाएंगे।
- प्रदेश की नदियों, नहरों, तालाबों और झीलों की साफ-सफाई की जाएगी।
- प्रदेश में ज्यादा से ज्यादा वृक्षारोपण किया जाएगा। इसके लिए एक नीति बनाई जाएगी।

# कानून व्यवस्था




**किसी भी जिम्मेवार सरकार के लिए प्रदेशवासियों की जान-माल और सम्मान की सुरक्षा सर्वोपरि है। प्रदेश में हर प्रकार के अपराध, अन्याय व अपमान से मुक्त वातावरण लोगों के सुख, शांति, समृद्धि और प्रगति के लिए पहली जरूरत है। प्रदेश में व्यक्ति का नहीं, व्यवस्था का राज स्थापित करना हमारा लक्ष्य है। आपको याद होगा कि सन् 2005 में जब कांग्रेस सरकार बनी, तब प्रदेश में फैले आतंक, अपराध का अंत करके प्रदेश में शांति व सुरक्षा का वातावरण बनाया गया था, जिससे हरियाणा में अभूतपूर्व विकास हुआ।**

- भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस यह वायदा करती है कि कोई भी अपराधी, जो हरियाणा के किसी भी नागरिक की शांति व सुरक्षा भंग करेगा, उससे सख्ती से निपटा जाएगा।
- हरियाणा में मॉब लिंचिंग या नफरत से हत्या, ऑनर किलिंग व अन्य इसी प्रकार के अपराधों की रोकथाम के लिए कड़े कानून बनाएंगे।
- आज के समय में बढ़ते हुए साइबर क्राइम के अपराधों की रोकथाम के लिए आधुनिक एवं प्रशिक्षित विशेष दस्ता स्थापित किया जाएगा।
- हरियाणा में कांग्रेस सरकार बनने पर वर्तमान भाजपा सरकार में व्याप्त भ्रष्टाचार और आए दिन होने वाले घपले-घोटालों की कांग्रेस सरकार बनने पर निष्पक्षता और तत्परता से जांच कर गुनाहगारों को न्यायोचित सजा दिलवाएगी।
- हरियाणा को भयमुक्त हरियाणा बनाना कांग्रेस का एक प्रमुख लक्ष्य है।
- कांग्रेस पार्टी प्रदेश के प्रशासन को पारदर्शी और अधिकाधिक जवाबदेह बनाने के लिए प्रभावी कदम उठाएगी।

# नशा मुक्त हरियाणा



- कांग्रेस का मुख्य लक्ष्य नशा मुक्त हरियाणा बनाना है।
- नशा उन्मूलन के लिए सर्वप्रथम नशा मुक्ति हरियाणा आयोग की स्थापना की जाएगी।
- राज्य के प्रत्येक स्कूल-कॉलेज में सरकार द्वारा नशा मुक्ति विंग की स्थापना की जाएगी।
- जिला स्तर पर नशा मुक्ति सेंटरों की संख्या में बढ़ोतरी की जाएगी।
- प्रदेश नारकोटिक्स सेल के साथ सामाजिक संगठनों के सहयोगात्मक प्रावधान सुनिश्चित किए जाएंगे।
- नशा मुक्त हरियाणा के मद्देनजर जिन जिलों में ज्यादा नशाखोरी है, उनकी पहचान करके विशेष कार्य योजना (Action Plan) बनाई जाएगी।
- प्रदेश में नशाखोरी उन्मूलन के लिए स्पेशल टास्क फोर्स की स्थापना की जाएगी।
- नशा तस्करों की संपत्ति को कुर्क करके सख्त सजा का प्रावधान किया जाएगा।
- लोक संपर्क विभाग की तर्ज पर प्रदेश में नशा उन्मूलन के लिए एक नशा जागरूकता टीम का गठन किया जाएगा।



# उद्योग व व्यापार



- हरियाणा में औद्योगिक विकास के लिए नई उद्योग नीति लाई जाएगी। प्रदेश में युवाओं को रोजगार देने के लिए लेबर इंटेंसिव मैन्युफैक्चरिंग यूनिट्स (labour intensive manufacturing units) को प्रोत्साहित किया जाएगा।
- व्यापारियों की समस्या के समाधान हेतु प्रदेश स्तर पर व्यापारी आयोग बनाया जाएगा।
- इंस्पेक्टर राज खत्म किया जाएगा, किसी भी महकमे का कोई भी इंस्पेक्टर बिना आधिकारिक तथ्यों के किसी भी उद्योग व व्यापारिक प्रतिष्ठान और दुकान पर छापामारी नहीं कर सकेगा।
- एसजीएसटी (SGST) का सरलीकरण किया जाएगा, किसानों की खेती के उपकरणों और शिक्षा की आवश्यक वस्तुओं पर SGST में सब्सिडी देंगे।
- उद्योग व व्यापार को बढ़ावा देने के लिए एक व्यापार तथा उद्योग आयोग का गठन किया जाएगा, जिसमें व्यापारी और उद्योगपति शामिल होंगे।
- घरेलू और लघु उद्योग को बढ़ावा देने के लिए विशेष नीति बनाई जाएगी।
- युवा उद्यमियों को प्रोत्साहित करने के लिए जिला स्तर पर विशेष केंद्र बनाए जाएंगे ताकि उद्यमशील युवाओं को बाहर न जाना पड़े।
- प्रदेश की सब्जी मण्डियों में सब्जी व फलों पर भाजपा सरकार द्वारा लगाई गई 1 प्रतिशत मार्केट फीस कांग्रेस सरकार बनने पर तुरंत खत्म कर दी जाएगी।
- प्रदेश की अनाज मण्डियों में आढ़तियों को कांग्रेस सरकार ने हमेशा पूरा आढ़त/कमीशन दिया। भाजपा सरकार ने आढ़तियों की आढ़त कम की व अनेकों अनाज पर आढ़त खत्म करने का काम किया। कांग्रेस सरकार बनने पर आढ़तियों को उचित आढ़त दी जाएगी।
- हरियाणा प्रदेश में मूल्य वर्धित कर (VAT) व मार्केट फीस के पुराने केस बकाया हैं , उसके लिए 'वन टाइम सेटलमेंट योजना' (One Time Settlement Scheme) बनाई जाएगी।
- व्यापारियों को हत्या, फिरौती, वसूली, अपहरण का डर नहीं होगा। व्यापारी निडर होकर व्यापार कर सकें, इसके लिए बदमाश और बदमाशी पर नकेल कसी जाएगी।

# सैनिक, अर्धसैनिक व पुलिस सम्मान



- देश के लिए सेवा करते हुए जीवन अर्पण करने वाले शहीद सैनिक के परिवार को 2 करोड़ रुपए 'शहीद सम्मान राशि' के रूप में दिए जाएंगे।
- हम शहीदों के परिवार को वचन देते हैं कि उनके लिए आर्थिक सहायता की नीति तैयार की जाएगी। इस नीति में पूरा वेतन और भत्ते शामिल होंगे और साथ ही बच्चों की शिक्षा के लिए आर्थिक सहयोग तथा शहीद के परिवार के एक सदस्य को योग्यता अनुसार सरकारी नौकरी दी जाएगी।
- देश के लिए प्राण न्यौछावर करने वाले अर्ध सैनिक बलों के शहीदों के परिजनों को विशेष सुविधा देंगे।
- कांग्रेस सैनिक कल्याण बोर्ड की तर्ज पर राज्य में अर्धसैनिक बलों के परिवारों के कल्याण, पेंशन, पुनर्वास हेतु राज्य व जिला स्तर पर अर्धसैनिक कल्याण बोर्ड की स्थापना करेगी।
- शहीद हुए जवानों की यादगार में अर्धसैनिक शहीद सम्मान स्मारक की स्थापना की जाएगी।
- हरियाणा पुलिस के जवानों और अफसरों के लिए बेहतर कार्यस्थल और सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएंगी। उन्हें आधुनिक हथियार उपलब्ध करवाए जाएंगे।



# खेल



**भारत के स्वतंत्र इतिहास में किसी भी सरकार ने खेलों का उतना राजनीतिकरण नहीं किया, जितना पिछले 10 वर्षों में भाजपा सरकार ने किया है। भारत के ओलंपियंस के उत्पीड़न एवं उस पर आंखें मूंद लेने तक यकीनन भारतीय खेल अपने सबसे बुरे दौर से गुजर रहा है। कांग्रेस का मानना है कि भारतीय खेल ऊंची उड़ान भरेगा। इसके लिए कांग्रेस हरियाणा प्रदेश में खेलों के विकास के लिए एक मजबूत और बेहतर वातावरण उपलब्ध करवाएगी।**

- कांग्रेस पदक लाओ, पद पाओ नीति फिर से लागू करेगी।
- हरियाणा के लिए यह गौरव का विषय है कि हाल ही में पेरिस ओलंपिक में हरियाणा के खिलाड़ियों ने देश के लिए चार पदक प्राप्त किए हैं। कांग्रेस सरकार बनने पर पदक विजेताओं के गांवों को आदर्श ग्राम बनाया जाएगा।
- प्रत्येक जिला स्तर पर आधुनिक सुविधाओं से युक्त खेल परिसर स्थापित किया जायेगा। कांग्रेस यह सुनिश्चित करेगी कि कम से कम प्रत्येक जिले में एक बहु-खेल प्रशिक्षण एवं ब्लॉक स्तर पर कम से कम एक सामुदायिक खेल परिसर (Stadium) स्थापित हो।
- प्रतिभाशाली खिलाड़ियों के लिए वजीफा/प्रोत्साहन राशि: - कांग्रेस 21 वर्ष से कम आयु के प्रतिभाशाली और उभरते हुए खिलाड़ियों को खेल छात्रवृत्ति प्रदान करेगी।
- जॉब गारण्टी :- कांग्रेस स्पोर्टिंग हीरो कार्यक्रम शुरू करेगी, जिसमें राष्ट्रीय स्तर और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर देश व प्रदेश का प्रतिनिधित्व करने वाले प्रत्येक खिलाड़ी को अपने खेल करियर की समाप्ति पर सम्मानित नौकरी दी जाएगी। इस कार्यक्रम से प्रतिभाशाली युवाओं को अपने भविष्य की चिंता किए बिना खेल को एक पेशे के रूप में अपनाने के लिए प्रोत्साहन मिलेगा।
- स्पोर्ट्स विश्वविद्यालय - कांग्रेस खेल विश्वविद्यालय, राई जिला-सोनीपत को अंतर्राष्ट्रीय खेल मानकों के अनुरूप विकसित करेगी।
- खेल को बढ़ावा देने के लिए हर वर्ष बजट में वृद्धि की जाएगी।
- भाजपा ने नौकरियों में स्पोर्ट्स कोटे को खत्म कर दिया है। इसे कांग्रेस द्वारा पुन: शुरू किया जाएगा।
- कांग्रेस महिला खिलाड़ियों के साथ छेड़छाड़ व शोषण के मामलों की जांच करने के लिए स्थाई तौर पर इंक्वायरी कमेटी का गठन करेगी।

- खिलाड़ियों को प्रोत्साहन हेतु सुरक्षा व खेल के लिए मिलने वाली नकद राशि को बढ़ाया जाएगा।
- कांग्रेस खेल विभाग में कोच, खेल विशेषज्ञ व अन्य स्पोर्टिंग स्टाफ में पड़े रिक्त पद समयबद्ध व पारदर्शी रूप से भरेगी।
- कांग्रेस सरकार बनने पर खेलों को बढ़ावा देने के लिए ब्लॉक, जिला व प्रदेश स्तर पर खेल विभाग द्वारा खेलों के टूर्नामेंट्स का आयोजन नियमित तौर पर किया जाएगा।
- कांग्रेस सरकार बनने पर स्कूल, कॉलेज व विश्वविद्यालय स्तर पर हर वर्ष "खेलो हरियाणा खेलों" के अंतर्गत नियमित तौर पर खेलों के टूर्नामेंट्स का आयोजन किया जाएगा।

# सामान्य वर्ग



- हरियाणा में हमारी पार्टी की सरकार बनने पर हरियाणा दोहलीदार, बूटीमार, भोंडेदार और मुकरारीदार अधिनियम, 2010 के तहत दोहलीदारों (गरीब ब्राह्मणों, पुजारियों और पुरोहितों) आदि को वर्षों पहले निहित और उत्परिवर्तन की गई भूमि का मालिकाना हक दिया जाएगा।
- हरियाणा में कांग्रेस पार्टी की सरकार बनने पर हरियाणा ब्राह्मण कल्याण आयोग का गठन किया जाएगा। इससे समाज के सभी मुद्दे नियमित रूप से सरकार के समक्ष पहुंच सकेंगे।
- हरियाणा में रहने वाले पंजाबी समुदाय के हितों की रक्षा एवं समस्याओं के समाधान हेतु हरियाणा राज्य पंजाबी वेलफेयर बोर्ड की स्थापना की जाएगी।

# जन विरोधी पोर्टलों से मुक्ति



**ई-गवर्नेंस आधुनिक समय में नागरिकों को सरकारी सुविधाएं मुहैया करवाने के लिए अत्यधिक आवश्यक हो गई हैं। लेकिन वर्तमान भाजपा सरकार ने इन सुविधाओं को किसानों, मजदूरों, व्यापारियों व आम जनमानस को उपलब्ध करवाने के लिए गुमराह करने का कार्य किया है। कांग्रेस सरकार बनने पर भाजपा सरकार द्वारा शुरू किए सभी पोर्टलों की समीक्षा उपरान्त सुधार किया जाएगा व जनविरोधी पोर्टलों को बन्द किया जाएगा।**

- परिवार पहचान पत्र (PPP) पोर्टल को बन्द किया जाएगा।
- कांग्रेस सरकार प्रापर्टी आईडी स्कीम (Property ID) का विधिवत रूप से रिव्यू करेगी और जनमानस के हित में ऐसी स्कीम बनाएगी, जिसमें किसी प्रकार के भ्रष्टाचार की जगह न हो और आम जनमानस को सरकारी दफ्तरों के चक्कर न लगाने पड़ें।
- मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल, जिससे किसान बहुत परेशान हैं, इसकी समीक्षा की जाएगी व जो किसान मण्डी में सीधे व्यापार करना चाहेंगे, उन्हें ऑफलाईन सुविधा उपलब्ध करवाई जाएगी।
- अन्य सभी पोर्टलों जिनसे आम जनमानस को सरकारी सुविधाओं का लाभ लेने में परेशानी आ रही हो, की समीक्षा कर आवश्यक संशोधन किए जाएंगे ताकि लोगों को समय पर सरकारी सुविधाएं प्राप्त हो सकें व समस्याओं का तुरंत निपटान हो।

# हमारी धरोहर हमारा गौरव

## कला, संस्कृति और विरासत



**कला, संस्कृति और विरासत लोगों की पहचान होती है। भाजपा सरकार ने संस्कृति को राजनीति और विचारधारा की दृष्टि से देखने पर ध्यान केंद्रित किया है, जबकि संस्कृति के वास्तविक अभ्यासकर्ताओं, प्रथाओं और संस्थानों को उपेक्षित या सक्रिय रूप से कमजोर कर दिया है। कांग्रेस हरियाणा की कला और संस्कृति की समृद्ध विविधता की रक्षा करने के लिए प्रतिबद्ध है, जिससे वे स्वतंत्रता और रचनात्मकता के माहौल में विकसित हों।**

- हरियाणा की प्राचीन गौरवमयी सभ्यता व संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए, हमारी सभ्यता का वैश्विक प्रचार-प्रसार के लिए, ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार सृजन के लिए, शोध व पर्यटन की ढांचागत सुविधाएं विकसित करेंगे।
- हड़प्पा संस्कृति-सर्किट जिसमें राखी गढ़ी, कुणान, बनवली, तिगराना, भीराना, फरमाना आदि स्थानों को तथा थानेश्वर संस्कृति-सर्किट कुरुक्षेत्र, पिहोवा, कपाल मोचन, कलायत, अग्रोहा पवित्र तीर्थों को बेहतर सड़कों व अन्य सुविधाओं के साथ जोड़ा जाएगा।
- कांग्रेस स्कूलों और कॉलेजों में कला शिक्षा को बढ़ावा देगी।
- आने वाली पीढ़ियों में हरियाणा की सभ्यता व संस्कृति के संरक्षण व संवर्धन हेतु जागरुकता पैदा करने के लिए मेलों, उत्सवों व अन्य शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे।
- प्रदेश में कांग्रेस सरकार बनने पर पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए पर्यटन विभाग की नई पर्यटन नीति बनाई जाएगी।
- कांग्रेस पार्टी हरियाणा की समृद्ध कलाओं, साहित्य, संस्कृति एवं भाषाओं के संवर्धन के लिए प्रतिबद्ध है। इनके विकास के लिए साहित्य अकादमी, संस्कृत अकादमी, उर्दू अकादमी, पंजाबी अकादमी तथा हरियाणा कला परिषद का पुनर्गठन किया जाएगा।
- लोक कलाओं, लोक गीतों, लोक संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए कलाकारों तथा हिन्दी, संस्कृत, पंजाबी और उर्दू के उत्कृष्ट विद्वानों को प्रोत्साहित करने के लिए नए सम्मान पुरस्कार शुरु किए जाएंगे।

# परिवहन




- राज्य परिवहन विभाग में सरकारी बसों के बेड़े में अधिक से अधिक नई बसें शामिल की जाएंगी।
- परिवहन विभाग के ड्राइवरों व कंडक्टरों को बस अड्डों में या नजदीक आवासीय सुविधाएं प्रदान की जाएंगी।
- वाहनों से होने वाले विभिन्न प्रकार के प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए प्रदेश में इलेक्ट्रिक और सी.एन.जी. वाहनों की संख्या बढ़ाई जाएगी।
- कांग्रेस भाजपा सरकार द्वारा लाई गई 10 साल में वाहनों को स्क्रैप करने की नीति में आवश्यक बदलाव करके वाहनों के नियमित रखरखाव और प्रदूषण के मानकों के आधार पर वाहन फिटनेस सर्टिफिकेट देगी।

# अन्य

- पत्रकारों को कैशलेस स्वास्थ्य सुविधा प्रदान की जाएगी।
- सेवानिवृत्त पत्रकारों की पेंशन में बढ़ोतरी की जाएगी।
- सरकारी कार्यालयों में चाय, खान-पान की कैंटीन का संचालन महिलाओं के स्वयं सहायता समूह (Self help Group) को दिया जाएगा।
- महिलाओं के स्वयं सहायता समूह को उत्पाद की बिक्री हेतु स्टोर व ऑनलाईन मार्केटिंग लिंकेज प्रदान करने का प्रयास किया जाएगा।
- कांग्रेस सरकार बनने पर प्रदेश में आधारभूत (Infrastructure) सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए प्रभावी कदम उठाए जाएंगे। रेल, मैट्रो और सड़कों का विस्तार किया जाएगा।
- स्वतंत्रता सेनानियों व उनके आश्रितों को दी जाने वाली पेंशन में बढ़ोतरी की जाएगी। स्वास्थ बीमा योजना की सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी।
- सिटीजन रिसोर्स इन्फॉर्मेशन डिपार्टमेंट (CRID) की तरफ से लगाए गए लोकल ऑपरेटर्स (CPLO) को भाजपा सरकार द्वारा बमुश्किल 6 हजार रुपए महीना मेहनताना दिया जा रहा है। कांग्रेस सरकार बनने पर उन्हें कौशल कर्मियों के बराबर वेतनमान व जॉब सिक्योरिटी दी जाएगी।
- मिड डे मील वर्कर (Mid Day Meal Worker) को 12 महीने का वेतन दिया जाएगा।
- मेवात कैडर में कार्यरत शिक्षकों को मेवात कैडर भत्ता दिए जाने के बारे में संबंधित माननीय उच्च न्यायालय द्वारा दिए गए निर्देशों को नियमानुसार लागू किया जाएगा।

# आयोग/बोर्ड का गठन/पुनर्गठन
## Constitution/Re- Constitution of the Commissions/Boards

1. हरियाणा राज्य अनुसूचित जाति आयोग
2. हरियाणा पिछड़ा वर्ग आयोग
3. हरियाणा राज्य अल्पसंख्यक आयोग
4. हरियाणा राज्य महिला आयोग
5. हरियाणा राज्य मानवाधिकार आयोग
6. हरियाणा राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग
7. हरियाणा सफाई कर्मचारी आयोग
8. हरियाणा राज्य किसान आयोग
9. हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी
10. हरियाणा राज्य पूर्व अर्धसैनिक बल कल्याण बोर्ड
11. विमुक्त घुमंतू, अर्ध घुमंतू (NT & DNT) वेलफेयर बोर्ड
12. राज्य शिक्षक चयन आयोग
13. चारागाह विकास बोर्ड
14. हरियाणा माटी कला बोर्ड
15. हरियाणा केश कला बोर्ड
16. हरियाणा स्वर्णकार कल्याण बोर्ड
17. हरियाणा सिलाई-कढ़ाई (दर्जी) वेलफेयर बोर्ड
18. हरियाणा ब्राह्मण कल्याण आयोग
19. पूर्वांचल कल्याण बोर्ड
20. नशा मुक्ति हरियाणा आयोग
21. हरियाणा राज्य पंजाबी वेलफेयर बोर्ड

# अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (All India Congress Committee)
# चुनाव घोषणा पत्र समिति, हरियाणा
# (Election Manifesto Committee, Haryana)

1. श्रीमती गीता भुक्कल- अध्यक्ष
2. श्री भारत भूषण बत्रा - संयोजक
3. श्री प्रदीप चौधरी
4. श्री बलबीर सिंह बाल्मीकि
5. श्री चिरंजीव राव
6. श्री मामन खान
7. श्री नीरज शर्मा
8. श्री वरुण चौधरी
9. श्रीमती रेनू बाला
10. श्री संपत सिंह
11. श्री दिल्लू राम बाजीगर
12. श्री राम निवास घोरेला
13. श्री बलवान सिंह दौलतपुरिया
14. डॉ. केवी सिंह
15. प्रो. वीरेंद्र सिंह
16. श्री अमित यादव
17. श्री सुनील पंवार
18. श्री लाल बहादुर खोवाल
19. श्रीमती उपिंदर कौर अहलूवालिया
20. श्री रोहित जैन
21. श्री दिलबाग ढांडा
22. श्री बजरंग दास गर्ग
23. श्री अब्दुल गफ्फार कुरैशी
24. श्री चंद्र प्रकाश
25. श्री राज कुमार त्यागी
26. डॉ. राजन शर्मा
27. श्री धीरज गाबा

28. श्रीमती किरण मलिक

29. श्रीमती निशा जोगिंदर नली

30. श्री ओमवीर पंवार

31. श्री अशोक मलिक

32. श्री इब्राहिम इंजीनियर

33. डॉ. ऋषि पाल (मास्टर)

34. श्रीमती शालिका कुराना

35. डॉ. राजेंद्र सूरा

36. एडवोकेट चंदर प्रकाश

37. प्रो. कृष्ण चंद

38. श्रीमती करमजीत कौर

39. सुधा भारद्वाज

40. दिव्यांशु बुद्धिराजा

41. डॉ. पूनम चौहान

42. श्री अविनाश यादव

## विशेष आमंत्रित सदस्य (Special Invitees)

1. हरियाणा से एआईसीसी फ्रंटल और विभागों के चेयरमैन (All AICC Frontal and Departments chairman from Haryana)

2. सभी पीसीसी सेल के अध्यक्ष (All PCC Cells Chairmen)

3. कैप्टन अजय यादव

4. कर्नल रोहित चौधरी

5. श्री रमेश सैनी

6. श्री धर्मवीर कोलेखान

7. श्री विजय ढिल्लों

8. एडवोकेट तनवीर सिंह

9. श्री मनोज बागरी

10. डॉ. अटल कौशिक

आम नागरिक के सम्मान और खुशहाली के
लिए इस घोषणा पत्र के द्वारा
**भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस सेवा भावना तथा आधुनिक हरियाणा की नींव मजबूत करने की अपनी राजनीतिक प्रतिबद्धता को दोहराती है।**

---

**हाथ**
**बदलेगा**
**हालात**

---

## हाथ का साथ दीजिए
# कांग्रेस को वोट दीजिए


हाथ
बदलेगा
हालात
हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी